<u>*प्रेस नोट*</u>

***पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में आज दिनांक:- 15.11.2022 को जनपद मे अपराधियों के विरूद्व व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरण*:-**

- थाना अमरोहा नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त नूरुद्दीन पुत्र फहीमुद्दीन निवासी मौ0 कुरैशी थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा को मय एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।
- थाना मंडी धनौरा पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त मोनू पुत्र विपिन कुमार निवासी शेरपुर चुंगी कस्बा व थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।
- थाना मंडी धनौरा पुलिस द्वारा टॉप-10 अपराधी डब्ल्यू पुत्र जयपाल सिंह निवासी मौ0 सभाषनगर कस्बा व थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा को मय एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई ।
- थाना बछरायूं पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त 1. सत्तार पुत्र सुलेमान व 2. शाहनवाज उर्फ सानू पुत्र सुलेमान निवासीगण मौ0 शेख जादगान कस्बा व थाना बछरायूं जनपद अमरोहा को मय 01-01 अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बछरायूं पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।
- थाना गजरौला पुलिस द्वारा हत्या करने के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग में प्रकाश में आये अभियुक्त सतेन्द्र सिंह पुत्र लेखराज सिंह पुत्र ख्यालीपुर थाना गजरौला जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।
- थाना सैदनगली पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिये उकसाने के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्ता आंचल पुत्र खेमचन्द्र निवासी ग्राम दमगढी थाना सैदनगली, अमरोहा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।
- जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 11 व्यक्तियों का चालान धारा 151 द0प्र0सं0 में किया गया। जिसमें थाना गजरौला पुलिस द्वारा 06 व्यक्ति, थाना हसनपुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्ति, थाना सैदनगली पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति व थाना रहरा पुलिस द्वारा 01 व्यक्तियों का धारा 151 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत चालान किया गया।